## केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़

**कक्षा : ग्यारहवीं**

विषय: हिंदी

भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर - कुमार गंधर्व

लेखक परिचय- कुमार गंधर्व

कुमार गंधर्व का जन्म 1924 ईस्वी में कर्नाटक के बेलगांव जिले के सुलभावि में हुआ। इनका मूल नाम शिवपुत्र साढिदारमेया कामकली था। उन्हें शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में पहचाना जाता है। कुमार गंधर्व नाम उन्हें अपनी गायकी के कारण मिला। उन्होंने अपना बचपन संगीत को समर्पित कर दिया। उनके गायन में मालवा लोकधुनों और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का सुंदर सामंजस्य है। इन्हें कालिदास सम्मान और पद्म विभूषण सम्मान से अलंकृत किया गया है। इनका देहावसान 1992 ईस्वी में हुआ।

पाठ का सारांश-

इस पाठ में लेखक ने सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर की गायकी का वर्णन किया है। इसमें चित्रपट तथा शास्त्रीय संगीत का भारतीय संगीत पर प्रभाव दर्शाया गया है। लेखक बताते हैं कि बरसों पहले वह बीमार थे तभी उन्होंने रेडियो पर दिल को छू जाने वाला स्वर सुनाई दिया। गाना समाप्त होने पर गायिका का नाम घोषित किया गया -लता मंगेशकर। नाम सुनकर वे हैरान हुए। उन्हें लगा कि प्रसिद्ध गायक दीनानाथ मंगेशकर की अजब गायकी उनकी बेटी द्वारा प्रकट हो रही है। वह गाना 'बरसात' के भी पहले के किसी चित्रपट का था। लता के पहले प्रसिद्ध गायिका नूरजहां का जमाना था और लता उनसे भी आगे निकल गई।

लेखक का मानना था कि उनके बराबर कोई गायिका हुई ही नहीं। लता के कारण चित्रपट संगीत को लोकप्रियता प्राप्त हुई। उन्होंने आम आदमी में संगीत विषयक अभिरुचि पैदा की।

आम आदमी को राग के प्रकार, ताल आदि से कोई मतलब नहीं। उसे केवल गान पान की आवश्यकता होती है जो उसे मस्त कर दे। नूरजहां के गानों में मादकता थी, परंतु लता के गानों में कोमलता। लेखक का मानना था कि लता ने मुक्त श्रृंगार के गाने अच्छे तरीके से गाये हैं।

लेखक का यह भी मानना है कि शास्त्रीय संगीत व चित्रपट में तुलना करना निरर्थक है। शास्त्रीय संगीत में गंभीरता स्थाई भाव है, जबकि चित्रपट में तेज लय व चपलता। लता के पास शास्त्रीय संगीत की उत्तम जानकारी भरपूर थी। खानदानी गवैयों ने चित्रपट संगीत पर लोगों के कान बिगाड़ देने

का आरोप लगाया है। लेखक ने कहा है कि चित्रपट संगीत ने तो लोगों के कान सुधारे हैं। लोगों को सुरीला व भावपूर्ण गाना चाहिए। यह काम चित्रपट संगीत ने किया है इस संगीत में शास्त्रीय रागदारी है, लोकगीतों का भरपूर प्रयोग है। जिसे सुनते ही लोग आनंदित होते हैं। यह एक चमत्कार है जो आंखों के सामने हैं।

1. लता ने कौन से रस के गीत बड़ी उत्कटता से गाए हैं?
   (क) वीर
   (ख) श्रृंगार
   (ग) करुण
   (घ) इनमें से कोई नहीं
2. लता का गाना सामान्यतः कौन सी पट्टी में रहता है?
   (क) नीची
   (ख) ऊंची
   (ग) मध्यम
   (घ) उपर्युक्त सभी
3. लता के गायन में क्या कमी थी?
   (क) गंभीरता
   (ख) करुणता
   (ग) अकारण चिलवाना
   (घ) इनमें से कोई नहीं
4. लेखक को कौन सी बात नहीं पटती?
   (क) लता का करुण रस में गाना
   (ख) लता का वीर रस में गाना
   (ग) उपर्युक्त'क' और 'ख' दोनों
   (घ) इनमें से कोई नहीं
5. पाठ में आए 'दोष' शब्द का विलोम है-
   (क) अवगुण
   (ख) गुण
   (ग) अच्छा
   (घ) बुरा

6. लेखक के मतानुसार................ संगीत में तुलना हो ही नहीं सकती?

(क) शास्त्रीय और चित्रपट

(ख) लोकगीत और चित्रपट

(ग) लोकगीत और शास्त्रीय

(घ) इनमें से कोई नहीं

7. शास्त्रीय संगीत का स्थाई भाव क्या है?

(क) चपलता

(ख) गंभीरता

(ग) उपर्युक्त 'क' और 'ख' दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

8. चित्रपट संगीत का मुख्य गुण धर्म क्या है?

(一) गंभीरता

(二) चपलता

(三) जलदलय

(四) उपर्युक्त 'ख' और 'ग' दोनों

9. चित्रपट संगीत में किस प्रकार के तालों का उपयोग किया जाता है?

(क) आधे

(ख) पूरे

(ग) मध्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

10. चित्रपट संगीत गाने वाले के पास कौन से संगीत की जानकारी होनी चाहिए?

(क) शास्त्रीय

(ख) लोकगीत

(ग) उपर्युक्त 'क' और 'ख' दोनों

(घ)इनमें से कोई नहीं

11. भारतीय शास्त्रीय गायक प्रायः किस वृति के हैं?

(क) संतुष्ट

(ख) असंतुष्ट

(ग) गंभीर

(घ) इनमें से कोई नहीं

12. आम आदमी को कैसा गाना (संगीत) चाहिए?

(क) गंभीर

(ख) सुरीला

(ग) भावपूर्ण

(घ) उपर्युक्त 'ख' और 'ग' दोनों

13. चित्रपट संगीत दिग्दर्शकों ने निम्न में से कौन-से लोक गीतों के भंडार का प्रयोग किया है?

(क) पंजाबी

(ख) बंगाली

(ग) राजस्थानी

(घ) उपर्युक्त सभी

14. पंजाबी लोकगीत .......... करने वाले है।

(क) धूप का कौतुक

(ख) पहाड़ों की याद दिलाने वाले

(ग) उपर्युक्त 'क' और 'ख' दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

15. 'पर्जन्य' शब्द का पर्याय है-

(क) जलद

(ख) जलज

(ग) अंबुज

(घ) उपर्युक्त सभी

16. लता मंगेशकर के पिता का क्या नाम है ?

क. दीनानाथ मंगेशकर

ख. सुरेश मंगेशकर

ग. सीताराम मंगेशकर

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

17. लता मंगेशकर से पहले चित्रपट संगीत में किस का जमाना था?

क. दीनानाथ मंगेशकर का

ख. नूरजहां का

ग. सुरेश वाडेकर का

घ. विलायत खान का

18. विलायत खां कौन सा वाद्‌य बजाते थे ?

क. बांसुरी

ख. शहनाई

ग. सितार

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. चित्रपट संगीत ने लोगों के कान बिगाड़ने की बजाए क्या किया है?

क. कान सुधार दिए हैं

ख. कान बंद कर दिए हैं

ग. कान खोल दिए हैं

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. चित्रपट संगीत को किसके कारण विलक्षण लोकप्रियता प्राप्त हुई है ?

क. नूरजहां के

ख. लता मंगेशकर के कारण

ग. विलायत खां के कारण

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. नन्हें - मुन्ने बच्चों के स्वर में गुनगुनाने का क्या कारण है ?

क. लता के गानों का प्रभाव

ख. नूरजहां के गानों का प्रभाव

ग. दीनानाथ मंगेशकर के गानों का प्रभाव

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. लता मंगेशकर को और किस नाम से जाना जाता है ?

क. स्वर कोकिला

ख. कोयल

ग. भारत की कोयल

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. लोगों की संगीत के प्रति समझ बढ़ने और उसकी क्षमता को समझने का श्रेय किसको जाता है ?

क. नूरजहां को

ख. आशा भोंसले को

ग. लता मंगेशकर

घ. उपयुक्त में से कोई नहीं

24. 'त्रिताल' कितनी मात्राओं का ताल है ?

क. 15

ख.16

ग.18

घ.17

25. गानपन से क्या तात्पर्य है?

क. गाने का ऐसा अंदाज जो एक आम आदमी को भी भाव विभोर कर दे

ख.गाने का ऐसा अंदाज जो एक गायक को भी भाव विभोर कर दे

ग.गाने का ऐसा अंदाज जो एक पागल को भी भाव विभोर कर दे

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. लय कितने प्रकार की होती है

क. 1

ख.2

ग.3

घ.4

27. 'जलदलय' का क्या अर्थ है ?

क. द्रुत लय

ख. मध्य लय

ग. धीमी लय

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. क्या चित्रपट संगीत ने लोगों के कान बिगाड़ दिए है ?

क. हां

ख. नहीं

ग. कह नहीं सकते

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. चित्रपट संगीत क्षेत्र की अनाभिषिक्त सम्राज्ञी कौन है ?

क. नूरजहां

ख. लता मंगेशकर

ग. आशा भोसले

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

30. लता मंगेशकर जैसे कलाकार कितने समय बाद पैदा होते हैं ?

क. शताब्दियों में शायद एक ही

ख. हर वर्ष

ग. दस साल बाद

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं